प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 26.05.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वडोदरा में एक भव्य रोडशो के साथ गुजरात की अपनी दो दिन की यात्रा की शुरूआत की। इस दौरान प्रधानमंत्री दाहोद, भुज और गांधीनगर में 82 हजार करोड रूपये से अधिक की परियोजनाओं का उदघाटन और शिलान्यास करेंगे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री का यह अपने गृह राज्य का पहला दौरा है। श्री मोदी, राष्ट्र को एक लोकोमोटिव रेल निर्माण संयंत्र समर्पित करेंगे। वे जल्द ही दाहोद में एक इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव को झंडी दिखाकर रवाना भी करेंगे। श्री मोदी दाहोद में लगभग 24 हजार करोड रूपये की कई विकास परियोजनाओं का उदघाटन और आधारशिला भी रखेंगे।

...........

आठवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम आज जयपुर के शिक्षा संकुल में घोषित किया जायेगा। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर परिणाम घोषित करेंगे। ये परीक्षा राज्यभर में 20 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में 12 लाख 64 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों ने भाग लिया था।

...........

प्रदेश में मौसम में बदलाव के बाद विभिन्न स्थानो पर तापमान में उतार चढाव जारी है। पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा 45 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस तापमान फलौदी में दर्ज किया गया। वहीं बाडमेर में 43 दशमलव 8 डिग्री, जैसलमेर में 43 दशमलव 4 जैसलमेर, जोधपुर में 42 दशमलव 3 और बीकानेर में 42 डिग्री सैल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। पूर्वी राजस्थान के ज्यादातर स्थानों पर अधिकतम तापमान 40 डिग्री सैल्सियस से नीचे रहा। हालांकि कोटा में दिन का तापमान 42 डिग्री दर्ज हुआ। इस बीच कई स्थानो पर आंधी के साथ बारिश भी हुई। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के अधिकांश भागों में आगामी 48 घंटो में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना है। पश्चिमी राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 44 से 46 डिग्री दर्ज होने और कहीं कहीं हीट वेव का दौर आगामी 3 दिन तक जारी रहने की आशंका है। विभाग ने मेघगर्जन के साथ आंधी और हल्की बारिश का दौर राज्य में कहीं–कहीं आगामी 4–5 दिन जारी रहने की संभावना भी जतायी है। आज दक्षिणी और उत्तर–पूर्वी राजस्थान में हल्की बारिश होने के आसार है। कल से 29 मई के दौरान जोधपुर और बीकानेर संभाग तथा उदयपुर, कोटा और जयपुर संभाग के कुछ भागों में बारिश की गतिविधियां हो सकती है।

...........

सादुलशहर–हनुमानगढ़ स्टेट हाईवे पर कल रात एक तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार में सवार 6 युवकों में से चार युवको की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा खेरूवाला गांव के पास हुआ। पुलिस ने बताया कि कार में सवार सभी युवक सादुलशहर थाना क्षेत्र के चक सोहनेवाला और तख्तहजारा गांव के रहने वाले थे। सभी युवक कार में सवार होकर हनुमानगढ़ की ओर जा रहे थे।

...........

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर फ्रंटियर मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल, जोधपुर में राजस्थान फ्रंटियर, सीमा सुरक्षा बल की ओर से 'ऑपरेशन सिंदूर में दिये गये योगदान पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। राजस्थान फंटियर के महानिरीक्षक, एम. एल. गर्ग ने 'ऑपरेशन सिंदूर में सीमा सुरक्षा बल की परिचालन क्षमता, खुफिया समन्वय, और बल के जवानों के अदम्य साहस के बारे मे जानकारी दी। उन्होंने मीडिया को बताया कि पाकिस्तान की ओर से राजस्थान के सीमावर्ती जिलों जैसलमेर, बीकानेर और श्रीगंगानगर में लगातार ड्रोन गतिविधियां की गयी। इन प्रयासों को राजस्थान फ्रंटियर, सीमा सुरक्षा बल ने भारतीय सेना और एयर फोर्स के साथ मिलकर तत्परता से विफल किया।

...........

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में महीने भर चलने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत जोधपुर रेल मंडल में जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान का उद्देश्य अपशिष्ट अलग करना और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर सभी रेलवे स्टेशनों, रेलवे कॉलोनियों, कोचिंग डिपो तथा रेलवे अस्पतालों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से कर्मचारियों, यात्रियों और आमजन को अपशिष्ट अलग करने की प्रक्रिया और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। स्टेशनों के आसपास के क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें मंडल रेल प्रशासन के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

...........

आईपीएल क्रिकेट में आज जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में पंजाब किंग्स का मुकाबला मुंबई इंडियंस से होगा। मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। मैच को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने ट्रेफिक की विशेष व्यवस्था की है। स्टेडियम के आस–पास ट्रेफिक को डायवर्ट किया गया है।

...........